## Article : मेरा अनुभव - Seed Therapy का *(Conf. 2017 Paper)*



**Best paper award**
**(Second session conf. 2017)**

**डा. नैना अनिल सिंह**
**सूरत (9825610910)**

वर्ष 2017 के राष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान पढ़े गये शोध पत्रों में से चयनित श्रेष्ठ शोध पत्रों को हम यहाँ प्रकाशित कर रहे हैं। डा. नैना अनिल सिंह द्वारा प्रस्तुत बीज द्वारा उपचार पद्यति निश्चित ही अत्यंत प्रभावकारी है।

**- सम्पादक**

मेरी एक्यूप्रेशर की यात्रा की शुरुआत हुई सन् 2006 सितम्बर से सूरत में आयुर्वेदिक एक्यूप्रेशर पहली ट्रेनिंग से। उस ट्रेनिंग के पहले दिन से आज तक 11 साल का एक्यूप्रेशर उपचार का अद्भुत अनुभव रहा।

एक्यूप्रेशर में हम लोग अलग अलग पद्धति से उपचार करते हैं जैसे कि By Pressure, by Colours, by Magnets & by Seeds.


आज मैं आपके साथ अत्यंत ही सहज एवं सरल तरीके से किए जाने वाला उपचार Seeds Therapy के बारे में अपना अनुभव शेयर करुंगी।

सूरत में मेरा आयुर्वेदिक क्लीनिक चलता है। सन् 2006 के पहले दिन से जो भी रोगी आये उनको दवाई के साथ Seeds लगाया। एक्यूप्रेशर उपचार भी किया और रोगी को कहा कि इससे आराम हो तो दवाई न लो। दूसरे दिन रोगी को बुलाकर इस उपचार का प्रभाव भी जानने की शुरुआत की। शुरू में एक डाक्टर होने के कारण मन मानने को तैयार ही नहीं था कि ऐसे कोई दाने मेथी, मटर को हाथ में बांध के शरीर के अन्दर की बीमारी दूर हो सकती है, लेकिन 11 साल के अनुभव से आज मैं बता सकती हूं कि बहुत सारी गंभीर से गंभीर बीमारी में केवल Seeds द्वारा उपचार करके अद्भुत परिणाम मिलता है। उसमें से कुछ Cases यहां प्रस्तुत करना चाहूंगी।

1. सबसे पहले <u>PCOD</u> (Poly Cystic Ovarian Disease) जिसमें 15-16 साल की लड़कियों में यह बहुत ही पाया गया। जिसमें Irregular Periods जो 3-4-6 माह तक Menses न आना के दौरान Period में असहनीय दर्द, Vomiting आदि के लक्षण होते हैं। उपचार प्रबंध :

1) Rt SF P jt  2) Rt MF P jt  3) Rt Thumb V jt - Reproductive organ (Ref. भारद्वाज)

60% रोगी को 100% Relief मिला है।




2. इसी उपचार प्रबंध से अनियमित मासिक में भी लाभ मिला है। प्वाइंट लगाने के 24 घंटे के भीतर मासिक आ जाता है।

3. गर्भवती स्त्रियों में आने वाली तकलीफ में तो मेथी-मटर ने कमाल ही किया है। Pregnancy में होने वाली Vomiting जो कोई भी दवाई या Injection से कन्ट्रोल न हुई तो ऐसे में मेथी और मटर से लगाते ही आराम मिला है।


Pregnancy में उपचार प्रबंधक

आयुर्वेदिक एक्यूप्रेशर के अनुसार दशोत्पत्ति सिद्धांत के अनुसार Month Wise Treatment हाथ और पैर की दस उंगलियों में दिया गया जिसमें बहुत सारे रोगियों में लाभ मिला है।


1. Month Wise Finger के तीनों जोड़ों में मेथी की पट्टी (0 Month F.no. 0, 1st Month F.No.1)




2. P-6 Matar (Upto 3 Months)





3. Month Wise Toe NCH में मेथी। पूरे 9 महीनों का इलाज जो कि प्वाइंट को पहली बार बताया गया, उससे माँ के स्वास्थ्य में सुधार देखा गया एवं ज्यादातर बच्चों का वजन 3KG से ज्यादा आया Normal Delivary के साथ। (Toe NCH (0)- 0 Month, Toe NCH (1)- 1st Month etc)



4. ऐसे रोगी भी आये अंतिम 9th Month में जिनको डाक्टर ने सिजेरियन करने को कहा उसमें Seed लगाते ही 2-3 घंटे के भीतर Labour Pain Start होके Normal Delivary हुई है। उपचार -

1. Lt Thumb All Jt - Methi Strip
2. Lt Toe NCH - Methi
3. UB-67 (L & R) Methi





5. <u>बार बार गर्भपात</u> (3-4 बार) हो जाने वाले रोगी में Pregnancy test positive आते ही यही उपचार Month Wise Fingers में Methi Strip से आशातीत लाभ मिला है।

6. कहीं भी <u>मोच</u> आने में उसी के Correspondance पर मेथी लगाते ही 4-6 घंटे में आराम हो जाता है।

7. कई साल से <u>Cervical Pain</u> के साथ दोनों हाथों में Numbness

1. Both SF V jt
2. Lt RF V Jt Methi strip 8-10 घंटे (15 दिन में) 50% Relief और दो महीने लगातार लगाने में 100% Relief



8. आयुर्वेदिक एक्यूप्रेशर के प्रणेता श्री जे.पी. अग्रवाल सर द्वारा दिया गया "<u>Time Acupuncture</u>" से गंभीर रोगों में और जन्मजात रोगों में Seed Therapy द्वारा उपचार काफी प्रभावी सिद्ध हुआ है। इससे सम्बन्धित CP Child का एक Case Share करना चाहूंगी।


<u>CP Child</u> (Age - 11 Yrs M)


| | |
|---|---|
| Date of Birth - | Time of Birth |
| 31-12-2005 | 12:05 pm |
| (0) (1) (4) | (0) (12-1) |

उपचार प्रबंध

1. Both MM 0, 1, 4 - Matar

2. F No. 0, 1, 4 - all Jts Methi Strip





45 दिन के उपचार के बाद -


1) बच्चा बहुत Hyper था माँ को गुस्से में मारता था उसमें 80% Relief. माँ को मारना बंद हो गया।

2) Speech नहीं थी उसमें - कुछ वाक्य बोलने लगा।

3) Stool - Urine का पता नहीं चलता था वह यह उपचार के बाद इशारे से बताने लगा अभी उपचार जारी है।

9. Canada की एक और विशेषता बताना चाहूंगी। मेरा एक अद्भुत अनुभव कि कनाडा में 22 साल की लड़की को Severe Dismenorrhoea यानि दर्दयुक्त मासिक स्राव हो रहा था और जिसके लिए हास्पिटल में एडमिट भी करना पड़ता था। उसको Whatsapp के माध्यम से निम्नलिखित उपचार बताया गया और उस उपचार से अलगी Cycle में 100% Relief रहा।

1. Ut Corr - Matar
2. Rt SF / MF P jt - Methi Strip
3. Rt Thumb V jt - Methi Strip



कहने का तात्पर्य यह है कि दुनिया के किसी भी कोने में इस उपचार का लाभ पहुंचा सकते हैं। पर पीड़ा को दूर करने का मार्गदर्शन कराने वाली यह उपचार पद्धति के प्रणेता गुरुद्वय को हृदयपूर्वक प्रणाम!

Seed Therapy में हमारा और मार्गदर्शन करने के लिए "Seed Therapy" पुस्तक की लेखिका सुश्री पारुल अग्रवाल जी को भी प्रणाम। इस पुस्तक के माध्यम से रोगी बिना प्रशिक्षण के भी अपना उपचार सरलता पूर्वक कर सकता है।

❍❍❍